# ११. झाँसी की रानी

(क) सहायता बॉक्स (Help Box) में दिए गए सही शब्दों को चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

कालपी, सिंहनी, डलहौजी, कानपुर, तात्या टोपे, कलकत्ता, लैप्स, भवानी, वॉकर, ग्वालियर, नाना साहब, ह्यू रोज

1. अंग्रेजों ने झाँसी को हड़पने के लिए _________ नीति अपनाई।
2. रानी लक्ष्मीबाई ने _________ और _________ स्थानों पर अंग्रेजों के साथ भीषण युद्ध किया।
3. 1857 के विद्रोह में _________ और _________ जैसे महान वीरों ने भाग लिया।
4. झाँसी के अंतिम युद्ध में अंग्रेजों के मुख्य सेनापति का नाम _________ था।
5. रानी लक्ष्मीबाई को कविता में रणक्षेत्र में साहस दिखाने के कारण _________ के समान वीर बताया गया है।
6. झाँसी के राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद _________ झाँसी को हड़पने का अवसर देख मन में बहुत हर्ष मनाया।
7. अंग्रेजों के अखबारों में _________ और नागपुर के गहनों तथा कपड़ों की नीलामी के विज्ञापन सरेआम छपते थे।
8. अंग्रेज अधिकारी _________ के भागने का मुख्य कारण था कि वह रानी के प्रहार से बुरी तरह जख्मी हो गया था।
9. लक्ष्मीबाई के साथ बचपन में पढ़े और खेले नाना साहब _________ के पेशवा थे।
10. महाराष्ट्र-कुल-देवी लक्ष्मीबाई की भी आराध्य _________ थीं।

(ख) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रत्येक के सामने 'सत्य' या 'असत्य' लिखिए।

1. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। – ______________
2. लक्ष्मीबाई अपने पिता की इकलौती संतान थीं। – ______________
3. रानी लक्ष्मीबाई का बचपन का नाम 'तनु' था। – ______________
4. रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु युद्ध में हुई थी। – ______________
5. रानी लक्ष्मीबाई ने बचपन में युद्ध-कौशल नहीं सीखा था। – ______________
6. रानी लक्ष्मीबाई युद्ध में घायल होकर वीरगति को प्राप्त हुईं। – ______________
7. लक्ष्मीबाई को बचपन में 'छबीली' कहा जाता था। – ______________
8. रानी लक्ष्मीबाई ने केवल पुरुषों की सेना का ही नेतृत्व किया था। – ______________
9. लक्ष्मीबाई नाना साहब की मुँहबोली बेटी थीं। – ______________
10. कालपी पर विजय के बाद रानी ग्वालियर गई थीं। – ______________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. यह कविता किस ऐतिहासिक घटना से संबंधित है?

   (i) 1947 का स्वतंत्रता संग्राम ☐ (iii) जलियांवाला बाग हत्याकांड ☐

   (ii) असहयोग आंदोलन ☐ (iv) 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ☐

2. रानी लक्ष्मीबाई किसके साथ खेलती और युद्ध-कौशल सीखती थीं?

   (i) तात्या टोपे ☐ (iii) बहादुर शाह जफर ☐

   (ii) नाना साहब ☐ (iv) शिवाजी ☐

3. रानी लक्ष्मीबाई के पति का नाम क्या था?

   (i) बाजीराव ☐ (iii) गंगाधर राव ☐

   (ii) शिवाजी ☐ (iv) नाना साहब ☐

4. कविता में रानी लक्ष्मीबाई को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है?

   (i) एक साधारण महिला ☐ (iii) एक कवयित्री ☐

   (ii) एक वीरांगना ☐ (iv) एक रानी मात्र ☐

5. रानी लक्ष्मीबाई ने किस स्थान पर अधिकार कर सिंधिया को वहाँ से भागने पर मजबूर किया?

   (i) ग्वालियर ☐ (iii) झाँसी ☐

   (ii) कालपी ☐ (iv) दिल्ली ☐

6. अंग्रेजों ने भारत में अपना प्रभुत्व कैसे स्थापित किया?

   (i) व्यापारी बनकर ☐ (iii) युद्ध से ☐

   (ii) मित्र बनकर ☐ (iv) सहायता करके ☐

7. स्वतंत्रता की 'चिनगारी' कहाँ से उत्पन्न हुई थी?

   (i) किसी बाहरी देश से ☐ (iii) लोगों के अंतरतम से ☐

   (ii) अंग्रेजों के सुझाव से ☐ (iv) पुराने इतिहास से ☐

8. अंग्रेजों की दृष्टि में स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान क्या कहलाता था?

   (i) पुण्य ☐ (iii) साहस ☐

   (ii) अपराध ☐ (iv) व्यापार ☐

9. रानी लक्ष्मीबाई के विरुद्ध युद्ध करने कौन-सा अंग्रेज अधिकारी आया था?

   (i) जनरल डॉयर ☐ (iii) कैप्टन स्मिथ ☐

   (ii) लॉर्ड डलहौजी ☐ (iv) लेफ्टिनेंट वॉकर ☐

10. रानी पर पीछे से हमला किसने किया?

(i) वॉकर ☐ (iii) डलहौज़ी ☐

(ii) ह्यू रोज ☐ (iv) नाना साहब ☐

(घ) उचित मिलान कीजिए।

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. 1857 | i. वीरता का प्रतीक | 1. ____ |
| 2. 23 वर्ष | ii. युद्ध का स्थान | 2. ____ |
| 3. बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी | iii. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम | 3. ____ |
| 4. ग्वालियर | iv. रानी के बचपन की सहेलियाँ | 4. ____ |
| 5. दुर्गा | v. रानी की आयु | 5. ____ |

(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में (लगभग 25-30 शब्दों में) लिखिए।

1. लक्ष्मीबाई का बचपन कैसा था?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

2. लक्ष्मीबाई के बचपन के मुख्य खेल क्या थे?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

3. रानी लक्ष्मीबाई को किन-किन युद्ध कौशलों में निपुणता थी?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

4. काव्यांश के अनुसार क्रांति की लपटें किन-किन क्षेत्रों तक पहुँच चुकी थीं?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

5. लक्ष्मीबाई को किन महापुरुषों की गाथाएँ जुबानी याद थीं?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

6. रानी लक्ष्मीबाई के पति की मृत्यु के बाद झाँसी में क्या स्थिति हुई?

   उत्तर: ______________________________

   ______________________________

7. 1857 के विद्रोह में किन-किन प्रमुख नेताओं का योगदान था?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

8. अंग्रेज अधिकारी डलहौज़ी की क्या नीति थी?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

9. यमुना-तट पर अंग्रेजों की क्या स्थिति हुई?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

10. रानी लक्ष्मीबाई के साथ युद्ध क्षेत्र में किन सखियों ने वीरता दिखाई थी?

    उत्तर: ______________________________________________

    ______________________________________________

(च) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से (लगभग 80-100 शब्दों में) लिखिए।

1. रानी लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच हुए अंतिम युद्ध का वर्णन कीजिए।

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

2. 'झाँसी की रानी' कविता में 'बूढ़े भारत' में 'नई जवानी' आने का क्या आशय है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

3. रानी लक्ष्मीबाई का बचपन अन्य लड़कियों के बचपन से किस प्रकार भिन्न था?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

4. कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई को 'मनुज नहीं अवतारी थी' क्यों कहा है?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

(छ) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सही विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. भारतवासी अपनी गुमी हुई आज़ादी की कीमत पहचान चुके थे और वे देश को __________ की बेड़ियों से मुक्त कराना चाहते थे। (आज़ादी / गुलामी)
2. जहाँ एक ओर रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीर अंगनाएँ मैदान में डटी थीं, वहीं अंग्रेजों का साथ देने वाले __________ शासक पीठ दिखाकर भाग रहे थे। (कायर / वीर)
3. राजा गंगाधर राव के विवाह से झाँसी में सौभाग्य का उदय हुआ था, लेकिन उनकी मृत्यु से चारों ओर शोक का __________ छा गया। (उदित / अस्त)
4. रानी के आने से महलों में सौभाग्य की उजयाली छाई थी, परंतु राजा जी के निधन से झाँसी का __________ जाग उठा। (दुर्भाग्य / सौभाग्य)
5. राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद झाँसी को लावारिस समझकर डलहौजी आया, पर रानी ने साबित किया कि झाँसी अभी __________ हीन नहीं हुई है। (वारिस / लावारिस)
6. विवाह के समय राजमहल में खुशियों की उजयाली फैली थी, किंतु कुछ ही समय में कालगति चुपके-चुपके दुखों की __________ घेर लाई। (काली घटा / उजयाली)

(ज) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए 'एक शब्द' लिखिए।

1. बुंदेलखंड के लोकगायक जो वीरों के गीत गाते हैं — ______________
2. पुरुषों के समान साहस और वीरता दिखाने वाली — ______________
3. वह स्त्री जिसका पति मर चुका हो — ______________
4. जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो — ______________
5. रानियों के रहने का विशेष स्थान — ______________
6. सार्वजनिक बोली लगाकर बेचना — ______________
7. छोटी-छोटी झोंपड़ियाँ या घर — ______________
8. शव को जलाने की लकड़ी की संरचना — ______________

(झ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।

1. अविनाशी = ________ + ________
2. अनुनय = ________ + ________
3. दुर्भाग्य = ________ + ________
4. प्रकट = ________ + ________
5. विद्रोह = ________ + ________
6. सुभट = ________ + ________

(ञ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

1. वीरता = ________ + ________
2. मर्दानी = ________ + ________
3. घेराई = ________ + ________
4. निराशा = ________ + ________
5. विधवा = ________ + ________
6. बहादुरी = ________ + ________

(ट) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध अर्थ (शब्दार्थ) लिखिए।

1. छबीली = ________
2. वैभव = ________
3. दुर्ग = ________
4. जुर्म = ________
5. कुरबानी = ________
6. फिरंगी = ________

(ठ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए तथा वाक्य बनाइए।

1. मन में ठानना = ________________
   वाक्य: ________________________________________
2. हड़प करना = ________________
   वाक्य: ________________________________________
3. पैर पसारे = ________________
   वाक्य: ________________________________________
4. मुँह की खाना = ________________
   वाक्य: ________________________________________

(ड) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

1. राजमहल = विग्रह: ______________ समास का नाम: ______________
2. नौलख = विग्रह: ______________ समास का नाम: ______________
3. युद्धक्षेत्र = विग्रह: ______________ समास का नाम: ______________

(ढ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए।

1. "लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी।" — (निषेधवाचक वाक्य में बदलिए)

   ______________________________________________________________________

2. "क्या झाँसी का दीप बुझने पर डलहौज़ी मन में हरषाया?" — (विधानवाचक वाक्य में बदलिए)

   ______________________________________________________________________

(ण) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचानकर नाम लिखिए।

1. "चित्रा ने अर्जुन को पाया, शिव से मिली भवानी थी।" — ____________________
2. "बुझा दीप झाँसी का तब डलहौजी मन में हरषाया।" — ____________________
3. "घायल होकर गिरी सिंहनी उसे वीर गति पानी थी।" — ____________________
4. "काली घटा घेर लाई" — ____________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

## Answer

(क) रिक्त स्थान भरिए

1. लैप्स
2. कालपी और ग्वालियर
3. नाना साहब और तात्या टोपे
4. ह्यू रोज
5. सिंहनी
6. डलहौजी
7. कलकत्ता
8. वॉकर
9. कानपुर
10. भवानी

(ख) सत्य / असत्य

1. असत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. असत्य
6. सत्य 7. सत्य 8. असत्य 9. सत्य 10. सत्य

(ग) बहुविकल्पीय प्रश्न

1. (iv) 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम
2. (ii) नाना साहब
3. (iii) गंगाधर राव
4. (ii) एक वीरांगना
5. (i) ग्वालियर
6. (i) व्यापारी बनकर
7. (iii) लोगों के अंतरतम से
8. (ii) अपराध
9. (iv) लेफ्टिनेंट वॉकर
10. (ii) ह्यू रोज

(घ) मिलान

1 → iii 2 → v 3 → iv 4 → ii 5 → i

(ङ) संक्षेप में प्रश्नोत्तर (उत्तर)

1. लक्ष्मीबाई का बचपन आम लड़कियों से बिल्कुल अलग, साहस और वीरता से भरा था। वे कानपुर के नाना साहब के साथ पढ़ती और खेलती थीं। बचपन से ही अस्त्र-शस्त्र चलाना उनकी दिनचर्या थी।
2. उनके मुख्य खेल नकली युद्ध करना, चक्रव्यूह की रचना करना, शत्रुओं की सेना को घेरना, नकली किले तोड़ना और सघन वनों में शिकार खेलना था।
3. रानी लक्ष्मीबाई तलवारबाज़ी, घुड़सवारी, तीरंदाजी (धनुष-बाण चलाना), व्यूह रचना और बेहतरीन सैन्य रणनीति बनाने के कौशलों में पूरी तरह निपुण थीं।
4. क्रांति की लपटें झाँसी, दिल्ली और लखनऊ से शुरू होकर मेरठ, कानपुर, पटना, जबलपुर और कोल्हापुर जैसे उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुँच चुकी थीं।
5. लक्ष्मीबाई को मराठा साम्राज्य के गौरव छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की वीरता और संघर्ष की गाथाएँ बचपन से ही जुबानी याद थीं।
6. राजा गंगाधर राव की निःसंतान मृत्यु से झाँसी में शोक छा गया। इस दुःखद स्थिति का लाभ उठाकर अंग्रेज गवर्नर डलहौजी ने अपनी फौजें भेजकर झाँसी के दुर्ग पर ब्रिटिश झंडा फहरा दिया।
7. इस महायज्ञ में नाना धुंधूपंत पेशवा, ताँतिया टोपे, चतुर अजीमुल्ला, अहमद शाह मौलवी, ठाकुर कुँवर सिंह और झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे प्रमुख नेताओं का अतुलनीय योगदान था।

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

8. डलहौज़ी की नीति 'हड़प नीति' (Doctrine of Lapse) कहलाती थी। इसके तहत यदि कोई भारतीय राजा निःसंतान मर जाता, तो उसका राज्य जबरन ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया जाता था।
9. यमुना-तट पर हुए भीषण युद्ध में अंग्रेजों को रानी लक्ष्मीबाई के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। वे बुरी तरह पराजित होकर पीछे हटने पर मजबूर हुए।
10. युद्ध क्षेत्र में रानी लक्ष्मीबाई के साथ उनकी दो सखियों— 'काना' और 'मंदरा' ने अद्भुत साहस दिखाया और अंग्रेजों की सेना में भारी मार-काट मचाई।

(च) विस्तार से प्रश्नोत्तर (उत्तर)

1. अंतिम युद्ध में रानी लक्ष्मीबाई को ग्वालियर के मैदान में अंग्रेजों की विशाल सेना ने घेर लिया था। सामने जनरल स्मिथ की सेना थी और पीछे से ह्यूरोज आ गया था। रानी अपनी सखियों काना और मंदरा के साथ शत्रुओं को गाजर-मूली की तरह काटती हुई ब्रिटिश सेना को पार कर आगे निकल गईं। लेकिन तभी सामने एक नाला आ गया। नया घोड़ा होने के कारण वह नाले पर अड़ गया। इसी बीच पीछा करते हुए शत्रु सवार वहाँ पहुँच गए। अकेली घिर चुकी सिंहनी जैसी रानी पर चारों तरफ से वार होने लगे। अंततः अत्यधिक घायल होने के कारण रानी जमीन पर गिर पड़ीं और देश के लिए वीरगति को प्राप्त हुईं।
2. 'बूढ़े भारत' से कवयित्री का आशय उस दौर के भारत से है, जो सदियों की गुलामी, आपसी फूट और विदेशी शासकों के अत्याचारों के कारण हताश, असहाय और कमजोर हो चुका था, मानो देश का उत्साह बूढ़ा हो गया हो। 'नई जवानी' आने का अर्थ यह है कि सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ने मृतप्राय भारतीयों के भीतर देशप्रेम, साहस और आज़ादी पाने का एक नया जोश और ऊर्जा भर दी थी। दबे हुए राजा और पीड़ित जनता अपनी आज़ादी की असली कीमत पहचानकर अंग्रेजों को देश से उखाड़ फेंकने के लिए पूरी ताकत से खड़े हो गए थे।
3. सामान्य लड़कियों का बचपन गुड़ियों से खेलने, सहेलियों के साथ घरोंदे बनाने और घरेलू काम सीखने में बीतता था। इसके विपरीत, लक्ष्मीबाई का बचपन पूरी तरह मर्दाना और शौर्य से ओत-प्रोत था। उनके खिलौने गुड़िया नहीं बल्कि बरछी, ढाल, कृपाण और कटारी जैसे घातक अस्त्र थे। वे सहेलियों के साथ खेल खेलने के बजाय नकली युद्ध का अभ्यास करती थीं, सैन्य व्यूह की रचना करती थीं और शिकार खेलती थीं। उन्हें शिवाजी महाराज की साहसी गाथाएँ याद थीं, जो उन्हें अन्य पारंपरिक लड़कियों से बिल्कुल अलग और वीर बनाती थीं।
4. कवयित्री ने ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि रानी लक्ष्मीबाई ने मात्र तेईस (23) वर्ष की अत्यंत छोटी आयु में जो पराक्रम, रण-कौशल और नेतृत्व क्षमता दिखाई, वह किसी साधारण मनुष्य या साधारण स्त्री के बस की बात नहीं थी। जिस अद्भुत साहस के साथ उन्होंने अकेले ही ब्रिटिश साम्राज्य की विशाल फौजों और अनुभवी जनरलों को बार-बार युद्ध में परास्त किया, वह अलौकिक था। वे भारत की सोई हुई चेतना को जगाने और देशवासियों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाने साक्षात सात्विक शक्ति या देवी के अवतार के रूप में आईं, इसलिए उन्हें मनुष्य न मानकर अवतारी कहा गया है।

(छ) विलोम शब्द

1. गुलामी   2. कायर   3. अस्त   4. दुर्भाग्य   5. वारिस   6. काली घटा

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

(ज) एक शब्द

1. हरबोले
2. वीरांगना
3. विधवा
4. लावारिस
5. रनिवास / महल
6. नीलामी
7. झोपड़ी
8. चिता

(झ) उपसर्ग + मूल शब्द

1. अ + विनाशी
2. अनु + नय
3. दुर् + भाग्य
4. प्र + कट
5. वि + द्रोह
6. सु + भट

(ञ) प्रत्यय + मूल शब्द

1. वीर + ता
2. मर्द + आनी
3. घेर + आई
4. निराश + आ
5. विध + वा
6. बहादुर + ई

(ट) शब्दार्थ

1. छबीली = सुंदर
2. वैभव = ऐश्वर्य
3. दुर्ग = किला
4. जुर्म = अपराध
5. कुर्बानी = बलिदान
6. फिरंगी = अंग्रेज

(ठ) मुहावरों के अर्थ और वाक्य प्रयोग (उत्तर)

1. मन में ठानना: पक्का निश्चय करना।

   वाक्य: रानी लक्ष्मीबाई ने बचपन में ही अंग्रेजों को भारत से दूर करने की मन में ठान ली थी।
2. हड़प करना: अनैतिक या धोखे से किसी की वस्तु या राज्य छीन लेना।

   वाक्य: राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद डलहौजी ने चालाकी से झाँसी को हड़प कर लिया।
3. पैर पसारे: अपने साम्राज्य या प्रभाव का विस्तार करना।

   वाक्य: ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के बहाने धीरे-धीरे पूरे भारत में अपने पैर पसार लिए।
4. मुँह की खाना: बुरी तरह पराजित होना या हारना।

   वाक्य: युद्ध के मैदान में वीर रानी के तीखे प्रहारों के सामने जनरल स्मिथ को मुँह की खानी पड़ी।

(ड) समास

1. राजमहल = राजा का महल → षष्ठी तत्पुरुष
2. नौलख = नौ लाख का → द्विगु
3. युद्धक्षेत्र = युद्ध का क्षेत्र → तत्पुरुष

(ढ) वाक्य परिवर्तन

1. लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली नहीं थी।
2. झाँसी का दीप बुझने पर डलहौज़ी मन में हर्षाया।

(ण) अलंकार

1. उपमा
2. रूपक
3. रूपक
4. रूपक